# 2026 में बंगाल बदलेगा, तृणमूल की विदाई तय

## सीमा सुरक्षा, घुसपैठ और भ्रष्टाचार पर गृहमंत्री अमित शाह का ममता सरकार पर हमला

**कोलकाता, 31 जनवरी. पश्चिम बंगाल की सियासत में साल 2026 को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज होती नजर आ रही है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए.**

उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2026 में बंगाल की राजनीति में बड़ा बदलाव होगा और तृणमूल कांग्रेस की विदाई तय है. अपने संबोधन में शाह ने सीमा सुरक्षा, घुसपैठ, भ्रष्टाचार, महिलाओं की सुरक्षा और मतुआ-नामशूद्र



समुदाय जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया. उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनना केवल राजनीतिक बदलाव नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा से जुड़ा आवश्यक कदम है. शाह ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन उपलब्ध कराने में सहयोग नहीं किया, जिससे सीमा सुरक्षा प्रभावित हुई. उन्होंने कलकत्ता हाई कोर्ट के एक आदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि अदालत ने भी इस मुद्दे को गंभीर माना है. शाह ने कई वादे भी किए और कहा कि यदि भाजपा की सरकार बनती है तो 45 दिनों के भीतर सीमा पर फेंसिंग का कार्य पूरा कर लिया जाएगा. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में आयोजित जनसभा में ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए राज्य की कानून-व्यवस्था, सीमा सुरक्षा और प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल उठाए.

### बॉर्डर फेंसिंग और घुसपैठ को बनाया मुख्य चुनावी मुद्दा

उन्होंने कहा कि बंगाल में बढ़ती घुसपैठ अब केवल राज्य का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का गंभीर मुद्दा बन चुकी है. शाह के अनुसार, जब केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर फेंसिंग के लिए जमीन की मांग की, तब राज्य सरकार ने सहयोग नहीं किया, जिससे यह कार्य अधूरा रह गया. उन्होंने दावा किया कि अब कलकत्ता हाई कोर्ट ने भी इस मामले में बीएसएफ को तय समयसीमा के भीतर जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. शाह ने राज्य प्रशासन और पुलिस पर भी आरोप लगाए कि वे घुसपैठ रोकने में विफल रहे हैं. उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराए जाते हैं और उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों में भेज दिया जाता है. इस मुद्दे पर संसद में चर्चा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इसका विरोध किया था. उन्होंने 'माटी-मानुष' के नारे पर तंज कसते हुए कहा कि आज राज्य में महिलाएं असुरक्षित हैं और आम लोग कथित 'सिंडिकेट राज' से परेशान हैं. सभा में शाह ने मतुआ और नामशूद्र समुदाय का विशेष रूप से जिक्र किया.

# ट्रंप ने कहा : ईरान बातचीत के लिए तैयार

**वाशिंगटन, 31 जनवरी. पश्चिमी एशिया में बढ़ती अमेरिका की सैन्य उपस्थिति के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है. श्री ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, वे समझौता करना चाहते हैं.**

उन्होंने कहा कि ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के लिए एक अंतिम तारीख तय की गयी है, हालांकि उन्होंने सही समय नहीं बताया. उन्होंने ईरान के पास एक अमेरिकी नौसैनिक पोत की तैनाती का जिक्र करते हुए कहा, उम्मीद है, हम एक समझौता करेंगे. अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है. अमेरिका ने जहां बातचीत के लिए तैयारी दिखाई, वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने



ईरान का रुख दोहराया. उन्होंने कहा कि ईरान आपसी हितों और सम्मान के आधार पर बराबरी के स्तर पर बातचीत करने को तैयार है, लेकिन उन्होंने साफ तौर पर जोर दिया कि ईरान की रक्षा और मिसाइल क्षमताओं पर कभी बातचीत नहीं होगी. फिलहाल, बातचीत फिर से शुरू करने के लिए ईरानी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच कोई बैठक तय नहीं है.

### ईरान के गृहमंत्री, शीर्ष अधिकारियों पर प्रतिबंध

वाशिंगटन, 31 जनवरी. ईरान में जारी प्रदर्शन के बाद अमेरिका ने ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाते हुए कहा है कि राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों पर ईरानी प्रशासन पर हिंसक कार्रवाई के लिये ये सभी जिम्मेदार थे. अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते हुए कहा, श्री मोमेनी ईरान इस्लामिक गणराज्य के हत्यारे कानून प्रवर्तन बल का संचालन करते हैं, जो हजारों शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्या के लिये जिम्मेदार है.

# डंकी रूट से रोज 65 भारतीय गिरफ्तार

**23830**

**भारतीय पकड़े अमेरिका में**

- तुर्किये-दुबई के रास्ते से चल रहा अवैध एंट्री का नया ट्रेंड

**नई दिल्ली, 31 जनवरी. अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने की कोशिशों में भारतीयों की बढ़ती संख्या ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है.**

वर्ष 2025 के आंकड़ों के मुताबिक, डंकी रूट के जरिए अमेरिका पहुंचने की कोशिश में रोज औसतन 65 भारतीय पकड़े गए. जनवरी से दिसंबर के बीच अमेरिकी बॉर्डर एंड कस्टम अधिकारियों ने कुल 23,830 भारतीयों को हिरासत में लिया. दिलचस्प बात यह है कि इस बार अधिकांश लोग अकेले पकड़े गए, जबकि पिछले वर्षों में बड़ी संख्या परिवारों के साथ अवैध प्रवेश की कोशिश करती थी. अधिकारियों के अनुसार, पारंपरिक कनाडा और मैक्सिको बॉर्डर के अलावा अब तुर्किये-दुबई जैसे एयर रूट का इस्तेमाल बढ़ा है, जहां टूरिस्ट वीजा पर पहुंचकर वीजा अवधि से अधिक रुकने के मामले सामने आ रहे हैं. बढ़ती सख्ती के बीच 2025 में 3,254 भारतीयों को डिपोर्ट भी किया गया. डंकी रूट का सबसे खतरनाक चरण कनाडा के रास्ते अमेरिका पहुंचना माना जाता है. इसमें पहले कनाडा का टूरिस्ट वीजा लिया जाता है. टोरंटो पहुंचने के बाद एजेंटों के निर्देश पर हजारों किलोमीटर दूर मनितोबा प्रांत ले जाया जाता है.

> यह ट्रेंड बताता है कि एजेंटों के नेटवर्क और जोखिम भरे रास्तों के बावजूद लोग बेहतर भविष्य की चाह में खतरनाक सफर चुन रहे हैं. अमेरिकी एजेंसियों के अनुसार, 2025 में पकड़े गए भारतीयों में 6,968 कनाडा बॉर्डर और 1,543 मैक्सिको बॉर्डर से थे, जबकि 15,319 भारतीय अमेरिका के अंदरूनी शहरों से हिरासत में लिए गए. यह संकेत देता है कि कई लोग वैध वीजा पर प्रवेश के बाद अवैध रूप से रुक रहे थे. तुर्किये-दुबई रूट से जुड़े मामलों में टूरिस्ट वीजा का उपयोग कर अमेरिका पहुंचना और फिर वीजा अवधि 'जंप' करना प्रमुख तरीका बनकर उभरा है.

## पुलिस ने अंतरराज्यीय ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ किया, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक बड़े अंतरराज्यीय साइकोट्रॉपिक ड्रग्स रैकेट का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 31 किलोग्राम अल्प्राजोलम टैबलेट्स बरामद की हैं. यह जानकारी शनिवार को एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने दी. पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी एक संगठित गिरोह का हिस्सा थे, जो हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रतिबंधित साइकोट्रॉपिक पदार्थों के अवैध निर्माण, परिवहन और आपूर्ति में संलिप्त था. दिल्ली पुलिस को एनसीआर में सक्रिय नशीले पदार्थों के तस्करों के बारे में खुफिया सूचना मिली थी.

# आतंकवाद साझा खतरा : जयशंकर

**नई दिल्ली 31 जनवरी। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आतंकवाद को साझा खतरा बताते हुए इससे निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत बनाने तथा आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को वैश्विक स्तर पर अपनाये जाने की जरूरत पर बल दिया है.**

विदेश मंत्री ने कहा कि बदलाव के दौर से गुजर रही वैश्विक व्यवस्था का असर पश्चिम एशिया में अधिक स्पष्ट दिखाई देता है और इससे निकटता के मद्देनजर भारत भी इससे स्वाभाविक रूप से प्रभावित है. उन्होंने कहा कि ग़ाज़ा संघर्ष को समाप्त करने की व्यापक योजना को आगे बढ़ाना आज एक साझा



प्राथमिकता बन चुका है. डा. जयशंकर ने शनिवार को यहां भारत-अरब विदेश मंत्रियों की द्वितीय बैठक में अपने वक्तव्य में कहा कि सभी तरह का आतंकवाद दोनों क्षेत्रों के समक्ष एक साझा खतरा है. उन्होंने कहा कि सीमापार आतंकवाद विशेष रूप से अस्वीकार्य है क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों और कूटनीति के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन करता है.

> विदेश मंत्री कहा आतंकवाद से प्रभावित समाजों को आत्मरक्षा का अधिकार है और वे स्वाभाविक रूप से इसका प्रयोग करेंगे. आतंकवाद से मिलकर निपटने इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर कहा यह आवश्यक है कि हम इस वैश्विक अभिशाप से निपटने अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सशक्त करें. आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करना एक अडिग और सार्वभौमिक मानदंड होना चाहिए. वैश्विक दौर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह बैठक ऐसे समय पर हो रही है वैश्विक व्यवस्था विभिन्न कारणों से परिवर्तन के दौर से गुजर रही है.

## बजट में गिरावट वाले क्षेत्रों में सुधार के उपायों की उम्मीद : खरगे



**नई दिल्ली.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि बजट में उन्हें उन सब आर्थिक क्षेत्रों के लिए वास्तविक समाधान पेश किए जाने की उम्मीद है जिनमें गिरावट के संकेत नजर आ रहे हैं। श्री खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मोदी सरकार विरासत के पीछे नहीं छिप सकती क्योंकि उनकी अपनी विरासत ने पूरी अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व गड़बड़ी में धकेल दिया है.

## एक नजर में



### रिहायशी इमारत में गैस धमाका, चार की मौत

**तेहरान, 31 जनवरी.** ईरान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत खुज़ेस्तान में शनिवार को एक रिहायशी इमारत में गैस धमाके में कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी. यह जानकारी आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी. एजेंसी ने शहर के अग्निशमन विभाग के प्रमुख बावक रबीई के हवाले से बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी अहवाज़ में स्थित चार यूनिट वाली इमारत में गैस लीक होने के कारण हुई. उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों और बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया है और वे मलबे को सावधानी से हटा रहे हैं ताकि संभावित रूप से फंसे अन्य लोगों को ढूंढा जा सके.

### नाइजीरिया में 25 लोगों के मारे जाने की आशंका

**अबुजा, 31 जनवरी.** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो में निर्माण मजदूरों के एक समूह पर बोको हरम के संदिग्ध आतंकवादी हमले में 25 लोगों के मारे जाने और अन्य के घायल होने की आशंका है. घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है. स्थानीय मीडिया ने देश के उस हिस्से में सत्तारूढ़ ऑल प्रोग्रेसिव्स कांग्रेस पार्टी के एक नेता अलीऊ जैफादा के जानिब बताया कि गुरुवार को मैदुगुरी-डांबोआ सड़क पर वाजिर्को गांव में इस घटना के बाद लगभग एक दर्जन शवों को दफनाया गया. सभी पीड़ित निर्माण मजदूर थे जो बोको हरम के पिछले हमलों में क्षतिग्रस्त हुए एक पुल की मरम्मत कर रहे थे. पुलिस अधिकारी ने कहा, यह एक विनाशकारी नुकसान है और इसके संकेत सीधे बोको हरम के आतंकवादियों की ओर इशारा करते हैं जो लंबे समय से इन क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं का विरोध कर रहे हैं. घायल पीड़ितों को बोर्नो राज्य के दक्षिणी हिस्से में बीयू शहर के पास के एक अस्पताल में भेजा.

### भारत पर्व में झारखंडी व्यंजन की धूम

**नई दिल्ली, 31 जनवरी.** ऐतिहासिक लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के साथ शुरु हुए भारत पर्व20 26 के समापन सत्र में शनिवार को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट(आईएचएम) रांची के स्टॉल पर उस समय अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक मजेदार क्षण देखने को मिला, जब एक ब्राजीलियाई नागरिक ने उस स्टॉल का दौरा किया और झारखंड की समृद्ध पाक कला और सांस्कृतिक विरासत में गहरी रुचि दिखाई.

# कवयित्री जमुना बीनी को 'साहित्य सम्मान'

**साहित्य अकादमी सभागार में समारोह आयोजित**



**नई दिल्ली, 31 जनवरी. साहित्य अकादमी सभागार में आयोजित गरिमामय समारोह में केरल के वरिष्ठ हिन्दी साहित्यकार ए. अरविंदाक्षन और अरुणाचल प्रदेश की युवा कवयित्री जमुना बीनी को 'तथागत साहित्य सम्मान' से सम्मानित किया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ महाकवि निराला की सरस्वती वंदना पर आधारित कथक प्रस्तुति से हुआ. तथागत ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. एनपी सिंह (पूर्व आईएएस) ने ट्रस्ट की परिकल्पना, सामाजिक-शैक्षणिक कार्यों और उत्तर-दक्षिण भारत के बीच भाषा-संस्कृति संवाद के लक्ष्य को रेखांकित किया. यह सम्मान प्रख्यात साहित्यकार रामदरश मिश्र की स्मृति में प्रदान किया गया. समारोह में वरिष्ठ साहित्यकारों अनामिका, ओम निश्चल, अशोक वाजपेयी, चंद्रकांता सहित अनेक विद्वानों ने दोनों रचनाकारों के साहित्यिक योगदान पर विचार साझा किए. ए. अरविंदाक्षन की कृति 'धड़कनों के भीतर जाकर' और जमुना बीनी के संग्रह 'जब आदिवासी गाता है' के माध्यम से भाषाई संवेदनाओं, आदिवासी चेतना और मानवीय मूल्यों की सशक्त अभिव्यक्ति सामने आई. यह आयोजन न केवल हिन्दी साहित्य, बल्कि समूचे भारतीय साहित्य में संवाद, संवेदना और मानवीयता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा.

# भेजा जंगली में खुलेगा ग्लोबल गुरुकुलम

**आदिवासी बच्चों को मिलेगी गांव में शहर जैसी शिक्षा**

**वनांचल में भूमिपूजन संग जगी विकास की उम्मीद**

**नई दिल्ली ,31 जनवरी. जिले के वनवासी क्षेत्र भेजा जंगली में तथागत ग्लोबल गुरूकुलम की होगी स्थापना, हुआ भूमीपूजन, उच्च स्तरीय शिक्षा गांव के बच्चों को निशुल्क मिलेगी.**

भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एनपी सिंह व अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष जीआर राणा की उपस्थिति में बालोद जिले के गुरूर विकासखंड अंतर्गत सुदूर आदिवासी ग्राम भेजा जंगली में ग्लोबल गुरुकुलम का विधिवत भूमिपूजन हुआ.





> यह आयोजन जनजातीय विकास के उद्देश्य से जकवार फाउंडेशन व ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में आदिवासी ग्रामीण शामिल हुए. भूमिपूजन से पूर्व राजा राव बाबा व कंकालीन माता की पूजा-अर्चना की गई. शहीद वीर नारायण सिंह के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण किया. कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए एनपी सिंह ने कहा कि इस गुरुकुलम की स्थापना का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े आदिवासी और ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़कर उनका भविष्य सुरक्षित करना है. उन्होंने कहा जब तक सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शहरों जैसी शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक विकसित भारत का सपना अधूरा ही रहेगा.

# ईरानी सुरक्षा प्रमुख पहुंचे रूस

**मास्को, 31 जनवरी. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन में ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी का स्वागत किया. यह एक अघोषित उच्च स्तरीय बैठक थी.**

ईरान के शीर्ष नेता अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार लारीजानी को पिछले साल अगस्त में इस पद पर नियुक्त किया गया था. इससे पहले वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद मॉस्को आये थे. क्रेमलिन ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, राष्ट्राध्यक्ष ने क्रेमलिन में रूस की यात्रा पर आये ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी का स्वागत



किया. बयान में यह नहीं बताया गया कि दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई. रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने बाद में बताया कि बैठक द्विपक्षीय संबंधों पर केंद्रित थी और इसमें महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर परामर्श शामिल था. यह यात्रा अमेरिका के इस महीने की शुरुआत में श्री लारीजानी पर लगाये गये प्रतिबंधों के बाद हुई है.

# एचडब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूए का स्थापना दिवस मनाया

- महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित था आयोजन

**ग्रेटर नोएडा, 31 जनवरी.** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के हिमवीर परिवारों के कल्याण हेतु समर्पित हिमवीर वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन ने आज 39वीं वाहिनी आईटीबीपी, ग्रेटर नोएडा में अपना 33वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया.



कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता पर विशेष बल दिया गया. इस अवसर पर भारती कपूर, अध्यक्षा, एचडब्लूडब्लूडब्लूए ने हिमवीर परिवारों के लिए किए जा रहे व्यापक कल्याणकारी कार्यों एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला. उन्होंने बल की विभिन्न संरचनाओं में स्थापित हिमांशी आउटलेट्स एवं बेकर्स शॉप्स के प्रभाव का उल्लेख करते हुए बताया कि इन पहलों के माध्यम से एक ओर सीमावर्ती एवं दूरदराज क्षेत्रों के गुणवत्तापूर्ण हस्तशिल्प उत्पाद एवं खाद्य सामग्री हिमवीरों को किफायती दरों पर उपलब्ध हो रही है, वहीं दूसरी ओर रोजगार सृजन, पलायन में कमी तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन रहीं, जिन्होंने हिमवीर परिवारों के महिला सशक्तीकरण हेतु एचडब्लूडब्लूडब्लूए द्वारा किए जा रहे सतत एवं सार्थक प्रयासों की सराहना की.

## आज का इतिहास

- 1625 - हालैंड और इंग्लैंड के बीच सैन्य संधि पर हस्ताक्षर।
- 1762 - ब्रिटिश संसद ने पेरिस संधि को स्वीकार किया।
- 1873 - हिज एक्सेलेंसी जार्ज बैरिंग वायसराय तथा गवर्नर जनरल ने म्योर कॉलेज की आधारशिला रखी।
- 1898 - बेलूर मठ की स्थापना।
- 1910 - फ्रांसीसी सेनाओं ने मोरक्को के बंदरगाह शहर अगादीर पर कब्जा किया।
- 1917 - जनरल अलेनबाय के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने यरुशलम पर कब्जा किया।
- 1924 - हालैंड और हंगरी के बीच व्यापार संधि पर हस्ताक्षर।
- 1931 - जापानी सेना ने चीन के जेहोल प्रांत पर हमला किया।


No /Mandi/Nirman/2025-26/2010 Badnawar Date : 31/01/2026

**NOTICE INVITING TENDER (3rd Call)**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Construction of Shed and Platform Work For Establishment of Cleaning, Grading And Packaging Plant At Main Mandi Yard Badnawar Distt. Dhar (M.P) Tender Number: 2025_MPSAM_479323 The following works Tender to be received online up to 06:00 PM on 18/02/2026 Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the http:// mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www. mpmandiboard. gov.in

Note:- Any corrigendum in this NIT. if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Development works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in

Secretary
A.P.M.C Badnawar
Distt: Dhar



**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय खण्डवा**

क्र. / रोकस / 2026 / 401 खण्डवा, दिनांक 21/01/2026

**ई-निविदा**

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जिला चिकित्सालय खण्डवा में पेस्टीसाईट छिड़काव कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त जानकारी विभागीय वेबसाईट www.mptenders.gov.in देखी जा सकती है।

| Description of Tender | | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जिला चिकित्सालय खण्डवा में पेस्टीसाईट छिड़काव कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। |
|---|---|---|
| **S.No.** | **Tender No.** | **Important Dates** |
| 1 | Online Tender Fees | 1000/- |
| 2 | EMD Amount | 25000/- |
| 3 | Publishing Date | 27-01-2026 / 11:00 AM |
| 4 | Document Download/Sale Start Date | 27-01-2026 / 04:00 PM |
| 5 | Pre bid Meetting Date | 02-02-2026 / 05:00 PM |
| 6 | Bid Submission Start Date | 28-01-2026 / 11:00 AM |
| 7 | Bid Submission Closing Date | 12-02-2026 / 05:30 PM |
| 8 | Offline Bid (Hard Copy) Submission Date | 13-02-2026 / 05:00 PM |
| | Technical Bid Opening Date | 16-02-2026 / 11:00 AM |
| 9 | Financial Bid Opening Date | As decided by Committee |

G25061/25

सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय खण्डवा



**In The Court of Civil Judge Class-I, Civil Court Sendhwa, District Barwani MP**
**Presiding Officer: श्री शुभम मोदी**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCSB/0000008 /2024)
केनरा बैंक शाखा सेंधवा ........वादी
Vs
अक्षया........................ प्रतिवादी
Process Id- / 2026
प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 05/03/2026
(1) अक्षया पति पियुष जैन पिता बालचंद पूनमचंद कोठारी पता- जगन्नाथपूरी कॉलोनी सेंधवा तहसील सेंधवा जिला बड़वानी म.प्र.
यह कि प्रार्थी केनरा बैंक शाखा सेंधवा ने आपके विरूद्ध सिविल प्रकरण के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 30 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(न्यायाधीश)
व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड
सेंधवा जिला बड़वानी (म.प्र.)